प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

नड्डा– ऑपरेशन सिंदूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में बहस के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की ओर से स्पष्टता से सरकार का पक्ष रखने की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले का पूरी दृढ़ता से जवाब दिया। इससे पहले, राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान संबोधित करते हुए, सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने 2014 के पहले के दशक और 2014 के बाद के दशक के बीच साहसिक तुलना की और राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य प्रतिक्रिया और राजनीतिक इच्छाशक्ति में भारत के मजबूत परिवर्तन की बात कही।

मंत्रिमंडल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में चार दिवसीय मंत्रिमंडल की बैठक का आज अंतिम दिन है। इस दौरान प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की तारीख को लेकर आज अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। पिछले कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में एक प्रेजेनटेशन दी गई और इस पर विस्तृत चर्चा भी हुई है।

थुनाग कॉलेज

प्राकृतिक आपदा के बाद बागवानी व वानिकी कॉलेज थुनाग को स्थानांतरित करने के फैसले का छात्रों व अभिभावकों ने सरकार का समर्थन किया है। शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान अभिभावकों ने कहा कि उनकी मांग पर ही नाचन के लिए कॉलेज शिफ्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जून की रात को भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ से छात्र गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे और उन्हें दो दिन तक भोजन, पानी व अन्य जरूरी सुविधाओं की भारी कमी से जूझना पड़ा। आपदा के हालात इतने खराब थे कि 3 जुलाई को छात्रों को पैदल ही सुरक्षित स्थानों की ओर निकलना पड़ा।

पुरस्कार–नामांकन

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की अंतिम तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किए जाएँगे। वर्ष 2026 के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस, 2026 के अवसर पर की जाएगी।

इन पुरस्कारों में–पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शामिल हैं। यह पुरस्कार विशिष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करने के लिए सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट व असाधारण उपलब्धियों और सेवा के लिए दिया जाता है।

किन्नौर कैलाश

बीती रात से बारिश के चलते प्रसिद्ध किन्नौर कैलाश यात्रा आज स्थगित कर दी गई है। किन्नौर जिला प्रशासन के मुताबिक बारिश थमने के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी। भारी बारिश के चलते बीते 15 दिनों में चार बार यात्रा को स्थगित करना पड़ा है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूक कर जारी है। भूस्खलन के कारण राज्य में अभी भी 2 सौ 89 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 3 सौ 46 बिजली ट्रांसफार्मर और दो सौ 54 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में एक सौ 70 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 36 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल के निर्णयों से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है करूणामूलक आधार पर पक्की नौकरी, 5 प्रतिशत कोटे में एकमुश्त छूट, 500 पद भरेंगे। दैनिक भास्कर के शब्द हैं करूणामूलक कोटे से 500 पद भरने की मंजूरी, परिवार की आय सीमा 3 लाख रूपए की। दैनिक जागरण ने लिखा है करूणामूलक आधार पर भरेंगे 500 पद, महिलाओं को नाइट शिफट की अनुमति।

मौसम की खबर को पंजाब केसरी ने शीर्षक दिया है रोहतांग में हिमपात, मंडी में 40 लोग राहत शिविरों में शिफट, मनाली के बाहंग में घरों को छूने लगा ब्यास का पानी।

दिव्य हिमाचल ने प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखा है तीसरे बच्चे के जन्म पर भी मिलेगा मातृत्व अवकाश।